जल्दी अमीर बनने के लिए युवक छापने लगा नकली नोट, पुलिस ने दी दबिश तो रह गई हैरान - Singrauli Youth Fake Notes

सिंगरौली। सिंगरौली में 25 वर्षीय युवक ने जल्दी अमीर बनने के लिए नकली नोट छापने शुरू कर दिए. उसने नकली नोट बनाने के लिए कई दिनों तक सोशल मीडिया पर लगातार सर्चिंग की. इसके बाद कई प्लेटफॉर्म से नकली नोट बनाने का तरीका सीखा. कुछ ही दिनों में ये युवक नकली नोट बनाकर बाजार में खपाने लगा. एक मुखबिर से सूचना मिलने पर सिंगरौली पुलिस ने सिविल ड्रेस में इस शातिर युवक को पकड़ने में सफलता हासिल कर ली. आरोपी के पास से 100, 200 के नोट बड़ी संख्या में बरामद किए हैं.

नकली नोटों के साथ ही कई उपकरण जब्त

पुलिस ने युवक के घर से कलर प्रिंटर, लैपटॉप, कागज एवं नोट तैयार करने में काम आने वाले उपकरणों को जब्त किया है. पुलिस के अनुसार कुछ दिनों से थाना प्रभारी विन्ध्यनगर अर्चना द्विवेदी को सूचना मिल रही थी कि क्षेत्र में एक व्यक्ति नकली नोटों को खपाने का प्रयास कर रहा है. टीआई ने इसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी. इसके बाद एक टीम सिविल ड्रेस में बाजार में तैनात की गई. ये टीम इस बात की पतासाजी में गंभीरता से लगी हुई थी. इसी दौरान गुरुवार को मुखबिर द्वारा जानकारी मिली कि एक व्यक्ति ढोंटी गांव में नकली नोटों की खेप लेकर आने वाला है.

Source: https://www.etvbharat.com/hi/!state/singrauli-young-man-arrested-printing-fake-notes-help-of-social-media-fake-notes-equipments-seize-madhya-pradesh-news-mps24091305417